बिहार लोक सेवा अयोग, पटना।

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

विज्ञापन संख्या–26/2023, विद्यालय अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा

विज्ञापन संख्या–26/2023, विद्यालय अध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। प्रकाशित परीक्षाफल के उपरान्त कतिपय असफल अभ्यर्थियों के द्वारा अपनी उम्मीदवारी या उतीर्ण होने का दावा देते हुए आयोग से उक्त परीक्षाफल में सुधार हेतु अनुरोध किया गया। आयोग ने वैसे सभी असफल अभ्यर्थियों, जिनका दावा था कि उनकी परीक्षा अच्छी गई है, वे सफल हो सकते है, से शपथ–पत्र के माध्यम से आपत्ति पत्र आयोग के वेबसाइट पर दिनांक 29.10.2023 से 12.11.2023 तक दर्ज करने की सूचना निर्गत की गई। तदालोक में निर्धारित अवधि तक कुल 1757 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

प्राप्त आपत्ति आवेदन पत्रों की समीक्षा की गई एवं पाया कि 741 ऐसे आवेदन पत्र है, जिसके साथ शपथ पत्र समर्पित नहीं किया गया है। जो विचारणीय नहीं माना गया।

शेष मे से 498 ऐसे मामले है जिनमें अनारक्षित कोटि के कटऑफ 39 से अधिक अंक प्राप्ति से संबंधित है। उक्त सभी अभ्यर्थियों का दावा है कि UR में कटऑफ से उन्हे अधिक प्राप्तांक है।

समीक्षोपरान्त पाया गया कि UR मे कटऑफ 39 वस्तुतः महिला/आरक्षित कोटि की है। इन सभी अभ्यर्थियों को उनके कोटि के अनुरूप अर्हतांक प्राप्त करना था जो नहीं किया गया है और अंततः परीक्षा में असफल घोषित किए गए है।

479 अभ्यर्थी ऐसे है जिनके द्वारा अपने आवेदन पत्र में या तो कोटि/योग्यता/B.Ed-D.El.Ed /अर्हतांक/आदि विन्दुओं पर गलत सूचना दी गई है। उनके द्वारा अपने–अपने आवेदन पत्र में दी गई सूचनाओं के आधार विज्ञापन के शर्तो को पूरा नहीं करने के कारण असफल घोषित किए गए है।

9 वैसे अभ्यर्थी है जो जन्तु–विज्ञान विषय में कटऑफ के संबंध में आपत्ति आवेदन समर्पित किए है उसकी जॉच की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि प्रकाशित परीक्षाफल में जन्तु–विज्ञान का कटऑफ 51 है लिपिकीय भूल से 51 की जगह 50 कटऑफ अपलोड हुआ है। जन्तु–विज्ञान विषय में जिन–जिन अभ्यर्थियों का कटऑफ 51 है वे जन्म तिथि के आधार पर असफल घोषित किए गए है।

शेष 30 अभ्यर्थी जो विज्ञापन के सभी शर्तो को पूरा करते है तथा क्रमशः अपने–अपने विषय में कटऑफ से अधिक अर्हतांक/प्राप्तांक प्राप्त किये हैं का पूरक परीक्षाफल प्रकाशन में स्वतः सफल घोषित किए जा चुके है। इस प्रकार विज्ञापन संख्या 26/2023 में **Online portal** के माध्यम से प्राप्त सभी आपत्ति आवेदन पत्रों का विस्तरण किया जा चुका है।

13/12/2023

अपर सचिव सह परीक्षा नियंत्रक (TRE-1)
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना